**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 2004**

**Series : SS-M/2017**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

**HINDI (ELECTIVE)**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh Candidates)

***(Evening Session)***

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **10** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*** *कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(ii)* *जिन प्रश्नों के कई भाग हैं, उन्हें एक साथ कीजिए।*

*(iii)* *वर्तनी की अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में अंक काटे जाएँगे।*

*(iv)* *शुद्ध, सुपाठ्य और सटीक उत्तरों को अधिमान दिया जाएगा।*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से एक ***सही*** विकल्प चुनकर दीजिए : 1 × 10 = 10

(i) 'देवसेना का गीत' प्रसाद के किस नाटक से लिया गया है ?

(क) चन्द्रगुप्त (ख) स्कन्दगुप्त

(ग) अजातशत्रु (घ) ध्रुवस्वामिनी

(ii) 'सरोज-स्मृति' कविता के रचयिता हैं :

(क) जयशंकर प्रसाद

(ख) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(ग) महादेवी वर्मा

(घ) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(iii) 'यह दीप अकेला' किससे भरा हुआ है ?

(क) घमण्ड (ख) दया

(ग) स्नेह (घ) शक

(iv) 'बनारस' कविता में बन्दर कहाँ बैठे हुए हैं ?

(क) छत पर (ख) दीवारों पर

(ग) मन्दिरों पर (घ) घाट की सीढ़ियों पर

(v) 'भरत राम का प्रेम' कविता की भाषा कौन-सी है ?

(क) ब्रज (ख) अवधी

(ग) खड़ी बोली (घ) हिन्दी

(vi) विदुर किसके सामने से भागे थे ?

(क) भीम (ख) अर्जुन

(ग) युधिष्ठिर (घ) नकुल

(vii) घनानंद के अनुसार 'हितपत्र' कैसा है ?

(क) प्रेम का (ख) द्वेष का

(ग) चेतावनी का (घ) प्रतिज्ञा का

(viii) 'बाजि' किस पशु को कहते है ?

(क) मृग (ख) घोड़ा

(ग) बैल (घ) सिंह

(ix) 'बारहमासा' में नायिका प्रियतम के पास किसके द्वारा सन्देश भेजती है ?

(क) कबूतर (ख) कोयल

(ग) कौआ (घ) मेघ

(x) केशवदास ने जगरानी का पुत्र किसे बताया है ?

(क) बह्मा को (ख) शिव को

(ग) विष्णु को (घ) कार्तिकेय को

**2.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

सब जाति फटी दुख की दुपटी कपटी न रहै जँह एक घटी।
निघटी रुचि मीचु घटी हूँ घटी जगजीव जतीन की छूटी चटी।
अघओघ की बेरी कटी बिकटी निकटी प्रकटी गुरुज्ञान-गटी।
चहुँ ओरनि नाचति मुक्तिनटी गुन धूरजटी जटी पंचबटी।

**अथवा**

जननी निरखति बान धनुहियाँ।
बार-बार उर नैननि लावति प्रभुजू की ललित पनहियाँ।।

कबहुँ प्रथम ज्यों जाइ जगावति कहि प्रिय बचन सवारे।

‘उठहु तात ! बलि मातु बदन पर, अनुज सखा सब द्वारे’।।

**3.** जयशंकर प्रसाद ***अथवा*** विद्यापति के जीवन, रचनाओं और काव्य की विशेषताओं का परिचय दीजिए। 5

**4.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 4

किसी अलक्षित सूर्य को
देता हुआ अर्घ्य
शताब्दियों से इसी तरह
गंगा के जल में
अपनी एक टाँग पर खड़ा है यह शहर
अपनी दूसरी टाँग से
बिलकुल बेखबर !

**अथवा**

कुसुमित कानन हेरि कमलमुखी, मूदि रहए दु नयान। कोकिल कलख, मधुकर धुनि सुनि, कर देइ झाँपइ कान।।

**5.** पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 × 3 = 6

(क) ‘यह दीप अकेला है’ के आधार पर व्यष्टि का समष्टि में विलय क्यों और कैसे संभव है ?

(ख) ‘सत्य का दिखना और ओझल होना’ से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(ग) देवी सरस्वती की उदारता का गुणगान क्यों नहीं किया जा सकता ?

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से एक ***सही*** विकल्प चुनकर दीजिए : 1 × 10 = 10

(i) प्रधान अध्यापक के पुत्र की अवस्था कितनी थी ?
(क) छह साल (ख) सात साल
(ग) आठ साल (घ) नौ साल

(ii) ब्रजमोहन व्यास किस पर बैठकर कौशाम्बी से पसोवा गए ?

(क) रिक्शा (ख) इक्का

(ग) मोटर (घ) घोड़ा

(iii) बड़ी बहुरिया के कितने देवर थे ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच

(iv) वर्धा स्टेशन से सेवाग्राम कितनी दूर है ?

(क) पाँच मील (ख) छह मील

(ग) चार मील (घ) तीन मील

(v) शिव मूर्ति का वजन कितना था ?

(क) बीस सेर (ख) बाइस सेर

(ग) पन्द्रह सेर (घ) अठारह सेर

(vi) 'पहचान' लघुकथा में छिद्दू ने जब आँखें खोली तो उसे कौन दिखाई दिया ?

(क) खैराती (ख) राजा

(ग) रामू (घ) दरोगा

(vii) यह बाढ़ नहीं, पानी में डूबे किसके खेत हैं ?

(क) किसान के (ख) धान के

(ग) गन्ने के (घ) गेहूँ के

(viii) एक औरत ने गंगा जी में कितने दोने तैराए हैं ?

(क) उन्नीस (ख) बीस

(ग) इक्कीस (घ) ग्यारह

(ix) शापित होकर रामगिरि कौन गया था ?

(क) नारद (ख) वाल्मीकि

(ग) अगस्त्य मुनि (घ) कालिदास

(x) 'दूसरा देवदास' में गंगा जी की आरती करते समय पण्डित जी हाथ में कैसी नीलांजलि पकड़ते हैं ?

(क) दुमंजिली (ख) तिमंजिली

(ग) चौमंजिली (घ) पंचमंजिली

**7.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी ***एक*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

धीरे-धीरे बातों का सिलसिला शुरू हुआ। हमारा वार्तालाप ज्यादा दूर तक तो जा नहीं सकता था। फिलीस्तीन के प्रति साम्राज्यवादी शक्तियों के अन्यायपूर्ण रवैये की हमारे देश के नेताओं द्वारा की गई भर्त्सना, फिलीस्तीन आन्दोलन के प्रति विशाल स्तर पर हमारे देशवासियों की सहानुभूति और समर्थन आदि। दो एक बार जब मैंने गाँधी जी और हमारे देश के अन्य नेताओं का जिक्र किया तो अराफात बोले :

''वे आपके ही नहीं, हमारे भी नेता हैं। उतने ही आदरणीय हैं जितने आपके लिए।''

**अथवा**

बल्कि स्नान से ज्यादा समय ध्यान ले रहा था। दूर जलधारा के बीच एक आदमी सूर्य की ओर उन्मुख हाथ जोड़े खड़ा था। उसके चेहरे पर इतना विभोर, विनीत भाव था मानो उसने अपना सारा अहम् त्याग दिया हो, उसके अंदर 'स्व' से जनित कोई कुंठा शेष नहीं है, वह शुद्ध रूप से चेतनस्वरूप, आत्माराम और निर्मलानंद है।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) रामचन्द्र शुक्ल ने अपने पिता की किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ? 4

(ख) बालक द्वारा ईनाम में 'लड्डू' माँगने पर लेखक ने सुख की साँस क्यों भरी ? 2

(ग) कवि-पुरोहित के रूप में साहित्यकार की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 2

(घ) लेखक के अनुसार स्वतंत्र्योत्तर भारत की सबसे बड़ी 'ट्रैजेडी' क्या है ? 2

**9.** ***'अंतराल (भाग दो)'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) सूरदास जगधर से अपनी आर्थिक हानि को गुप्त क्यों रखना चाहता था ? 2

(ख) शैला और भूप ने मिलकर किस तरह पहाड़ पर अपनी मेहनत से नई जिन्दगी की कहानी लिखी। 2

(ग) कोइयाँ किसे कहते हैं ? इसकी विशेषताएँ क्या हैं ? 2

(घ) अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता जैसा गिरा करता था। उसके क्या कारण हैं ? 4

**अथवा**

बिस्कोहर में हुई बरसात का जो वर्णन बिसनाथ ने किया है उसे अपने शब्दों में लिखिए 10

**10.** अभिव्यक्ति और माध्यम के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 5 = 15$

(क) कविता के प्रमुख घटक कौन-कौन से हैं ?

(ख) कहानी के पात्र नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार परिवर्तित किए जा सकते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'सावन की पहली झड़ी' विषय पर एक लेख लिखिए।